श्री सहजानन्द शास्त्रमालाके प्रवर्तकोंकी शुभनामावलि

१ ❀	श्रीमान ला० महावीर प्रसाद जी जैन बैंकर्स सदर मेरठ	१०००)
२ ❀	,, ,, मित्रसैन नाहरसिंह जी जैन मुजफ्फरनगर	१०००)
३ ❀	,, ,, प्रेमचन्द ओमप्रकाश जी जैन प्रेमपुरी मेरठ	१०००)
४ ❀	,, ,, सलेकचन्द लालचन्द जी जैन मुजफ्फरनगर	११००)
५	,, ,, सेठ शीतल प्रसाद जी जैन सदर मेरठ	१०००)
६ ❀	,, ,, कृष्णचन्द जी जैन रईस देहरादून	११११)
७ ❀	,, ,, दीपचन्द जी जैन रईस देहरादून	१०००)
८ ❀	,, ,, बारूमल प्रेमचन्द जी जैन रईस मसूरी	११००)
९ ❀	,, ,, मुरारीलाल बाबूराम जी जैन ज्वालापुर	१०००)
१०	,, ,, केवलराम उग्रसैन जी जैन जगाधरी	१०००)
११	,, ,, जिनेश्वरलाल श्रीपाल जी जैन शिमला	१०००)
१२	,, ,, बनवारीलाल निरंजनलाल जी जैन शिमला	१०००)
१३ ❀	,, ,, सेठ गैंदालालसा दगडूसा जी जैन सनावद	१०००)
१४	,, ,, बाबूराम अकलंक प्रसाद जी जैन तिस्सा	१००१)
१५ ❀	,, ,, मकुन्दलाल गुलसनरायजी जैन नईमंडी मु. नगर	१००१)
१६	,, ,, सुखवीरसिंह हेमचन्द जी जैन सर्राफ बड़ौत	१००१)
१७	,, ,, सेठ मोहनलाल ताराचन्द बड़जात्या जयपुर	१०००)

नोट :—❀ इस चिह्न वाले सज्जनोंका पूरा रुपया कार्यालयमें जमा है।

प्रकाशकके कुछ शब्द

प्रिय पाठकगण !

आपको यह जानकर परमहर्ष होगा कि जिन ग्रन्थोंके प्रकाशन की प्रतीक्षा हो रही थी वे ग्रन्थ अब प्रकाशमे आने लगे हैं। पूज्य श्री १०५ क्षु० मनोहर जी वर्णी 'सहजानन्द' महाराजकेद्वारा रचित अनेकों ग्रन्थ जिनके प्रकाशनकेलिये हमारे बड़े विद्वानों और श्रीमानों ने आग्रह किया है उसीके फलस्वरूप हम प्रकाशनकार्यमें सफल हुए हैं अभी तक आत्म सम्बोधन, धर्मबोधपूर्वार्द्ध, धर्मबोधउत्तरार्द्ध, मनोहर पद्यावलि, सहजानन्दगीता, तत्त्वरहस्य प्रकाशित हो चुके हैं इनके अतिरिक्त सामायिकपाठ, वास्तविकता (Reality), अपनी बात-चीत (Talk to self), आत्मकीर्तन सार्थ (Psalm of the soul) ये ट्रेक्ट भी प्रकाशित हो चुके हैं अब यह प्रस्तुत ग्रन्थ जीवस्थानचर्चा जो आपके हाथमें है प्रकाशित हो रहा ।

मुजफ्फरनगरमे सन् १९५० के चातुर्मासमें आध्यात्मिक सन्त न्यायतीर्थ पूज्य श्री १०५ क्षुल्लक मनोहर जी वर्णी 'सहजानन्द' महाराजके समीप चार भाइयोंने चौबीस ठाणाका अध्ययन किया। आप उन्हे सरल और नवीन शैलीसे स्थानोंके लक्षण बताकर समझाते थे जिसके कारण उन्होंने चर्चाका खूब अभ्यास किया एवं अन्य धार्मिक ग्रन्थोंका अध्ययन किया। उनमेंसे अध्यात्मरसिक भाई श्री मूलचन्दजी एव रमेशचन्दजी का विशेष आग्रह हुआ कि इन चर्चाओंका विशेषताके साथ निर्माण कीजिये तब उनके निमित्तसे सभी भाइयोंके अध्ययन मननके अर्थ पूज्यश्रीने इस ग्रन्थको नवीन सरल शैलीसे विस्तारपूर्वक चौतीस स्थानोंकी चर्चासे पूर्ण बनाया।

मेरा विश्वास है कि जो भाई इसका मनन करेंगे वे कठिन आगम समुद्रमें जल्दी प्रवेश पा सकेंगे।

अन्तमे निवेदन है कि विद्वज्जन, यदि इसमे मुद्रण आदि असावधानीवश कोई त्रुटि हो गई हो तो सूचित करनेकी कृपा करें ताकि अगले संस्करणमे इसे शुद्ध कर दिया जावे।

जैन धर्म सेवक—

ब्र० जीवानन्द जैन

मेरठ केन्ट
सन १९५३

अध्य० श्री सहजानन्द शास्त्रमाला

"प्रस्तावना"

मुझे परमपूज्य शांतिमूर्ति श्री १०५ क्षुल्लक मनोहर जी वर्णी 'सहजानन्द' महाराजसे 'चौबीस ठाणा' ग्रन्थ अध्ययन करनेका सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उस समय तो मुझे लगता था कि यह सब पढ़नेका लाभ क्या होगा ? पर आज पता चलता है कि उस समय यदि पूज्य महाराज जी कृपा करके मुझे वह न पढ़ाते तो और ग्रन्थोंका स्वाध्याय करनेमें कितनी कठिनाई प्रतीत होती कहा नहीं जा सकता। उस समय भी उस चौवीस ठाणाके अन्तर्गत विषयोंके अतिरिक्त पूज्य श्री कई अन्य विषय भी मुझे समझाते रहते थे। उन्हीं सब विषयोंका दिग्दर्शन पूज्य श्री द्वारा रचित इस नवीन ग्रन्थ 'जीवस्थान चर्चा' अथवा 'चौबीस ठाणा' में कराया गया है।

संसारीजन पर्यायबुद्धि हैं। उनके केवल तत्वको समझनेके लिये व्यवहार उपाय हैं। जैसे कि जो जीव तत्वको किसी रूपमें भी नहीं समझता अथवा सर्वरूप समझता है, उसे प्रथम यह बताया जाता है कि जो यह चल रहा, बढ़ रहा, समझ रहा, खा-पी रहा आदि सो जीव है और चौकी, घड़ी आदि अचेतन अजीव हैं। इस उपायसे खालिस अजीव पदार्थसे तो हटा परन्तु स्थूल शरीर और सूक्ष्म शरीर एवं रागादि भाव और पर्यायगत ज्ञान एवं सामान्यतत्व इन सबसे मिले हुए पिण्डको जीव मानने लगा। अभी उसकी दृष्टिमें यह नहीं है कि ये ५ तत्व हैं। यह तो ज्ञानियोंकी भाषामें बताया है। इतना समझ लेनेपर फिर उसे कहा जाता है कि यह स्थूल शरीर जो औदारिक आदि रूप है वह भी आत्मासे भिन्न है। तदनन्तर कहा जाता है कि जो सूक्ष्म शरीर (कार्माण तैजस) है वह भी अचेतन है एवं जो जो भी असमान द्रव्यपर्याय हैं जैसे गति, इन्द्रिय, काय आदि वे भी भिन्न हैं। इतना ज्ञान करा देनेपर फिर यह बताया जाता है कि रागादि भाव (कषाय, वेद, लेश्या आदि) भी तेरे स्वभाव न होनेसे पृथक् हैं।

यहाँतक यह जान सका कि जानना, देखना आदि निजगुणोंके हो रहे विकासरूप जीव है। इसके पश्चात उसे ज्ञान कराया जाता है कि मति, श्रुति, अवधि, मनःपर्यय, सामायिक, छेदोपस्थापना आदि आत्माके गुणोंके अपूर्ण अंश हैं इसलिये यह भी द्रव्यदृष्टिसे आत्मा नहीं हैं। इसके बाद केवलज्ञानादिपर्यायविशिष्टसामान्यतत्त्ववान आत्मापर पहुंचे हुए जीवको द्रव्यार्थिकनयसे यह समझाया जाता है कि पर्याय तो क्षणध्वंसी है अतः यद्यपि शुद्ध पर्याय सामान्यके अनुरूप है तथापि त्रैकालिक स्वरूप न होनेसे द्रव्यार्थिकनयका विषयभूत सामान्यतत्व निर्विकल्प सत् श्रद्धेय-उपादेय है जिसमें कि या जिसके सम्बन्धमें ये सब पर्यायें-विशेष होते हैं।

इस प्रकार व्यवहार भाषा हमारे लक्ष्यका उपाय है। अतः जो आत्मसम्बन्धी विशेष पर्यायोंका वर्णन है वह हमको व्यवहार में उपादेय है। इस ग्रन्थमें आत्माकी विशेष अवस्थाओंका अच्छे विस्तारसे वर्णन है। सम्यग्ज्ञान अनतनयात्मक होता है, वस्तु भी सामान्य विशेषात्मक होती है अतः ये सब भेद प्रभेद जो इस ग्रन्थमें प्ररूपित हैं वे सब सत्य हैं जैसे कि सामान्य भी सत् है वैसे विशेष भी सत् हैं।

इसका मनन हमारे अशुभोपयोगकी निवृत्तिरूप होनेसे संवर-निर्जराका कारण भी है।

प्रस्तुत ग्रन्थमें—बीस स्थान जो कि इन गाथाओंमें निबद्ध हैं—

"गुणजीवापज्जत्ती पाणा सण्णाओ मग्गणाओय।
उवओगोवि य कमसो वीसंतु परूवणा भणिदा ॥१॥
गइ इंदिये सु काये जोगे वेदे कसायणाणे य।
संजम दंसण लेस्सा भविया सम्मत्त सण्णि आहारे ॥२॥

इनके अतिरिक्त १४ निम्नलिखित विषयोंका भी वर्णन है—

(१) ध्यान, (२) आश्रव, (३) भाव, (४) अवगाहना, (५) बंधप्रकृति, (६) उदयप्रकृति, (७) सत्त्वप्रकृति, (८) संख्या, (९) क्षेत्र, (१०) स्पर्शन, (११) काल, (१२) अन्तर (१३) जाति, (१४) कुल।

इनमें भी आपने प्रत्येक विषयका पांच प्रकारसे वर्णन किया है। जैसे गुणस्थानका वर्णन करना है तो आपने बतलाया है कि सामान्य आलापमें मनुष्यके १४ गुणस्थान हो सकते हैं। पर्याप्त नाना जीवोंमें १४ गुणस्थान, पर्याप्त एक जीवमें १४ में एक गुणस्थान, अपर्याप्त नाना जीवोंमें ५ गुणस्थान और अपर्याप्त एक जीवमें पांचमें एक गुणस्थान हो सकते हैं। इसी तरह गति, इन्द्रिय, काय, योग आदि ३४ स्थानों को लगाते जाना चाहिये।

इस ग्रन्थका आध्यात्मिक जीवनमें कितना महत्व है यह बतलाना मेरी शक्तिसे परे है। प्रतीत तो यह एक छोटी सी पुस्तक होती है परन्तु है वास्तवमें यह महानसे महान ग्रन्थोंको समझनेके लिये कुंजी (प्रवेशद्वार)। यदि इसका ज्ञान न हो तो अन्य ग्रन्थोंको समझना प्रायः असम्भव सा ही है।

जो शास्त्र स्वाध्यायके प्रेमी हैं, जिन्हें कुछ ज्ञान प्राप्त करके आत्मकल्याण करनेकी इच्छा है वह इस ग्रन्थको केवल एक बार ही पढ़कर सन्तुष्ट न हो जायें वरन् बार-बार पढ़ें। और कहीं यदि इसे वे कण्ठस्थ कर लें तब तो फिर उनके लिये कुछ कठिन ही न रहेगा ऐसा मुझे दृढ़ विश्वास है।

क्या मैं आशा करूँ कि आप इस ग्रन्थका स्वाध्याय अवश्य करेंगे?

मूलचन्द जैन
मुजफ्फरनगर

"यत्किंचित्"

एक ऐसा ग्रन्थ आपके सम्मुख उपस्थित है जिसके विषयका समझना और समझाना मन्दबुद्धियोंकेलिए तो अत्यन्त कठिन है ही, विद्वानोंकेलिए भी अधिक सरल नहीं। परन्तु पूज्य श्री वर्णी जी महाराजने इसी बात को ध्यानमें रखते हुए उसे इस प्रकारसे बनाया है कि प्रत्येक मनुष्य जो जीवतत्वको जाननेका इच्छुक हो, थोड़ा-सा ही परिश्रम करके भली भांति समझ सकता है। 'जीवस्थान चर्चा' का विषय बहुत गूढ़ है यह तो आप जानते ही हैं और फिर उसको पाँच-पाँच प्रकारके वर्णनसे समझाना पूज्य श्री वर्णी जी महाराज जैसे उच्च कोटिके ज्ञानवान्से ही संभव हो सकता है। इस ग्रन्थका परिचय देनेकी मुझे आवश्यकता नहीं है। वह आप 'प्रस्तावना' में पढ़ सकते हैं। फिर भी मेरा आपसे इतना अनुरोध है कि श्रीमान् भाई मूलचन्द जीने अपने लेखमें ग्रन्थके विषयमें जो दिग्दर्शन किया है, उसे आप पढ़ें अवश्य।

यह ग्रन्थ अपना विशेष महत्व रखता है अतः इसके सम्पादनका भार जो मुझे सौंपा गया यह मेरा सौभाग्य है। मैंने अपना भरसक प्रयत्न किया है कि इसके मुद्रणमें कोई भी त्रुटि न रहने पावे, परन्तु फिर भी यह सम्भव हो सकता है कि कोई त्रुटि रह गई हो उसके लिये विद्वज्जन सुधार कर लेवें और कार्यालयमें सूचना भेजनेका कष्ट करें ताकि अगले संस्करण में अशुद्धियां न रह सकें।

जीवोंके विविधस्थानोंकी चर्चा करते हुए भी जिस ज्ञानस्वभावी आत्माकी अन्तर्बाह्य कारणवश ये तरंगें हैं उनके आधारभूत ज्ञानस्वभावको पहिचानते हुए ज्ञानस्वभावपर लक्ष्य करनेका प्रयत्न करें। जीवोंकी जातियां जाननेसे, चर्चाओंसे अशुभोपयोगकी निवृत्ति होगी एवं विशेषोंको जानकर उनमें अनुगत सामान्यको समझनेमें प्रेरणा मिलेगी।

मैं प्रेस वालोंको हार्दिक धन्यवाद दिये विना नहीं रह सकता जिनके विशेष सहयोगके विना इस ग्रन्थका मुद्रण अत्यन्त कठिन होता। अन्तमें मैं आशा करता हूं कि जिज्ञासुगण इस ग्रन्थका स्वाध्याय करके अपना आत्मोद्धार करेंगे।

१-२ गंज मौहल्ला उन्निनीपु—

मेरठ सदर रतनलाल जैन

श्रावण पूर्णिमा, वी० नि० सं० २४७६

शुद्धाशुद्धिपत्र

पृ० पं०	अशुद्ध	शुद्ध
१–१	त्यक्नवान्तः	त्यक्त्वान्तः
१–४	अर्थ	अथ
३–१६	चढ़ते है सो	चढ़ते हैं और यदि क्षयकी क्रिया प्रारंभ करते हैं तो क्षपक श्रेणि चढ़ते हैं सो
४–१२	अशुभ प्रवृत्तियां	अशुभ प्रकृतियां
४–२२	क्षायके बाद	क्षयके बाद
६–२१	अपर्याप्ति	अपर्याप्त
११–७	उसकी	उनकी
१२–२०	निमित्त को	निमित्तसे
१५–६	काय होता है उसके	काय (५ वां देह) के
१६–२२	हंसनेके	हँसनेके
१७–२२	जानना	जाननेको
२०–५	योगप्रवृति	योगप्रवृत्ति
२०–१२	मेद हो	मंद हो
२३–६	मिथ्यात्वरूप	मिथ्यात्वरूप
२३–१८	सयोगीके यदि	सयोगीके यद्यपि
२७–७	श्रद्धाना	श्रद्धान.
२६–१६	अचक्षुदर्श	अचक्षुदर्शन

३५--५	बतालाना	बतलाना
३५--१३	उसीमें जीथनस व	उसी स्थान में जीव
३८--१२	२६......	२६......
७५--६	११।११।११	१०।१०।१०
७८--६	११	१३
८७--५	३६।३७	४०।३८
८६--५	४०।३८	४१।३६
६१--५	४१।३६	४२।४०
१०५--१		सम्यक्त्व
१२३--४	११	१०
१२८--२	अपर्याप्त (औ०	अपर्याप्त (आ०
१२८--४	१०।१०।१०।१०।१०औ	१०।१०।१०।७।७।आ
१६२--१३	६।६।१	७।७।१(य०
१६०--६	४।४	४।३ देव विना
१६२--८	४।४	४।३ ,,
२०६--५	५२।५२	५५।५५ आहारक २ विना
२२५--६	४५।४३।४३	४६।४४।४४

लेखक—

श्री अध्यात्मयोगी, शान्तमूर्ति, सिद्धांतन्यायसाहित्यशास्त्री, न्यायतीर्थ,
पूज्यश्री १०५ क्षुल्लक मनोहर जी वर्णी 'सहजानन्द' महाराज।

ॐ नमः सिद्धेभ्यः

पूज्यश्री १०५ क्षुल्लकमनोहरवर्णीसहजानन्दप्रणीता

जीवस्थानचर्चा

—:०:—

मंगलाचरण

बाह्यत्वं विविधस्थानं त्यक्त्वयान्तः परमात्मताम् ।
धत्ते प्रणम्य तं जीवस्थानचर्चा विरच्यते ॥

अर्थ—इसग्रन्थमें जिन स्थानोंके आश्रय चर्चा की जावेगी वे स्थान ये हैं:—

(१) गुणस्थान १४; (२) जीवसमास १४; (३) पर्याप्ति ६; (४) प्राण १०; (५) संज्ञा ४;

(६) गतिमार्गणा ४+१=५, (७) इन्द्रियमार्गणा ५+१=६;
(८) कायमार्गणा ६+१=७; (९) योगमार्गणा १५+१=१६;
(१०) वेदमार्गणा ३+१=४; (११) कषायमार्गणा २५+१=२६;
(१२) ज्ञानमार्गणा ५+३=८; (१३) संयममार्गणा ५+१+१+१=८;
(१४) दर्शनमार्गणा ४; (१५) लेश्यामार्गणा ६+१=७;
(१६) भव्यत्वमार्गणा २+१=३; (१७) सम्यक्त्वमार्गणा ३+१+१+१=६;
(१८) संज्ञित्वमार्गणा २+१=३; (१९) आहारकमार्गणा २;

(२०) उपयोग २; (२१) ध्यान १६; (२२) आश्रव ५७; (२३) भाव ५३; (२४) अवगाहना; (२५) बन्धप्रकृतियां; (२६) उदयप्रकृ

तियां; (२७) सत्त्वप्रकृतियां; (२८) संख्या; (२६) क्षेत्र; (३०) स्पर्शन; (३१) काल; (३२) अन्तर; (३३) जाति ८४ लाख; (३४) कुल १६७॥ लाख कोटि ।

गुणस्थान

गुणस्थान—मोह और योगके निमित्तसे होने वाली आत्मा के दर्शन ज्ञान और चारित्र गुणोंकी अवस्थावोंको गुणस्थान कहते हैं, गुणस्थान १४ होते हैं; १ मिथ्यात्व, २ सासादन सम्यक्त्व, ३ मिश्रसम्यक्त्व (सम्यग्मिथ्यात्व), ४ अविरत सम्यक्त्व ५ देशविरत, ६ प्रमत्तविरत, ७ अप्रमत्तविरत, ८ अपूर्वकरण, (उपशमक व क्षपक), ६ अनिवृत्तिकरण (उपशमक व क्षपक) १० सूक्ष्मसाम्पराय (उपशमक व क्षपक), ११ उपशान्तमोह, १२ क्षीणमोह, १३ सयोगकेवली, १४ अयोगकेवली ।

१ मिथ्यात्व—मोक्षमार्गके प्रयोजनभूत जीवादि ७ तत्त्वोंमें यथार्थ श्रद्धान न होनेको मिथ्यात्व कहते हैं, मिथ्यात्वमें जीव देहको आत्मा मानता है, तथा अन्य भी परपदार्थोंको अपना मानता है, कषाय परिणामोंसे भिन्न ज्ञानमात्र आत्माका अनुभव नहीं कर सकता है ।

२ सासादन सम्यक्त्व—उपशमसम्यक्त्व नष्ट होजानेपर मिथ्यात्वका उदय न आ पानेतक अनंतानुबंधी कषायके उदयसे जो अयथार्थ भाव रहता है उसे सासादन सम्यक्त्व कहते हैं ।

३ सम्यग्मिथ्यात्व—जहां ऐसा परिणाम हो जो न केवल सम्यक्त्वरूप हो और न केवल मिथ्यात्वरूप हो किन्तु मिला

हुआ हो उसे सम्यग्मिथ्यात्व कहते हैं।

४ अविरतसम्यक्त्व--जहां सम्यग्दर्शन तो प्रकट हो गया हो किंतु किसी भी प्रकारका व्रत (संयमासंयम या संयम) न हुआ हो उसे अविरतसम्यक्त्व कहते हैं। इस गुणस्थानमें उपशमसम्यक्त्व, वेदकसम्यक्त्व, क्षायिकसम्यक्त्व ये तीनों प्रकारके सम्यक्त्व हो सकते हैं।

५ देशविरत—जहां सम्यग्दर्शन भी प्रकट होगया हो और संयमासंयम भी होगया हो उसे देशविरत कहते हैं।

६ प्रमत्तविरत--जहां महाव्रतका भी धारण हो चुका हो किन्तु संज्वलनकषायका मंद उदय न होनेसे प्रमाद हो वह प्रमत्तविरत है।

७ अप्रमत्तविरत—जहां संज्वलनकषायका मंद उदय होनेसे प्रमाद नहीं रहा उसे अप्रमत्तविरत कहते हैं, इसके दो भेद हैं—१ स्वस्थान अप्रमत्तविरत, २ सातिशय अप्रमत्त विरत। स्वस्थान अप्रमत्तविरत मुनि छठवें गुणस्थानमें पहुँचते हैं, और इस प्रकार छठेसे सातवेंमें सातवेंसे छठेमें परिणाम आते रहते हैं।

सातिशय अप्रमत्तविरत मुनिके अधःकरण परिणाम होते हैं और वे यदि चारित्रमोहनीयका उपशम प्रारम्भ करते हैं तो उपशमश्रेणि चढ़ते हैं सो वे दोनों (उपशम या क्षपकश्रेणि चढ़ने वाले) आठवें गुणस्थानमें पहुँचते हैं।

सातिशय अप्रमत्तविरतके परिणामका नाम अधःकरण इसलिए है कि इसके कालमें विवक्षित समयवर्ती मुनिके

परिणामके सदृश कुछ पूर्व उत्तरसमयवर्ती मुनियोंके परिणाम हो सकते हैं।

८ अपूर्वकरण—इस गुणस्थानमें अगले अगले समयमें अपूर्व अपूर्व परिणाम होते हैं, ये उपशमक व क्षपक दोनों तरहके होते हैं। इस परिणामका अपूर्वकरण नाम इसलिए भी है कि इसके कालमें समानसमयवर्ती मुनियोंके परिणाम सदृश भी हो जांय किन्तु उस विवक्षित समयसे भिन्न (पूर्व या उत्तर) समयवर्ती मुनियोंके परिणाम विसदृश ही होंगे।

इस गुणस्थानमें प्रतिसमय अनन्तगुणी विशुद्धि होती है, कर्मोंकी स्थितिका घात होने लगता, स्थितिबंध कम होजाते हैं, बहुत सा अनुभाग नष्ट होजाता है, असंख्यात गुणी प्रदेशनिर्जरा होती है, अनेक अशुभप्रवृत्तियां शुभमें बदल जाती हैं।

९ अनिवृत्तिकरण—इस गुणस्थानमें चढ़ते हुए अधिक विशुद्ध परिणाम होते हैं, ये उपशमक, क्षपक दोनों प्रकारके होते हैं। इस परिणामका अनिवृत्तिकरण नाम इसलिए है-कि इसके कालमें विवक्षित समयमें जितने मुनि होंगे सबका समान ही परिणाम होगा, यहां भी भिन्न समयवालोंके परिणाम विसदृश ही होंगे। इस गुणस्थानमें चारित्रमोहनीयकी २० प्रकृतियोंका (अप्रत्या० ४, प्रत्या० ४, संज्वलन ३, हास्यादि ९) उपशम या क्षय होजाता है।

१० सूक्ष्मसाम्पराय—नवमें गुणस्थानमें होनेवाले उपशम या क्षायके बाद जब केवल संज्वलन सूक्ष्मलोभ रह जाता है ऐसा जीव

सूक्ष्मसाम्परायगुणस्थानवर्ती कहा जाता है इस गुणस्थानमें सूक्ष्मसाम्परायचारित्र होता है जिसके द्वारा अन्तमें सूक्ष्मलोभका भी उपशम या क्षय कर देता है।

११ उपशान्तमोह—समस्त मोहनीयकर्मका उपशम हो चुकते ही उपशान्तगुणस्थानवर्ती जीव हो जाता है, इस गुणस्थानमें यथाख्यातचारित्र हो जाता है, किंतु उपशमका काल समाप्त होते ही दशवें गुणस्थानमें गिरना पड़ता है या मरना हो तो चौथे गुणस्थानमें एकदम आना पड़ता है।

१२—क्षीणकषाय—(क्षीणमोह) क्षपकश्रेणिसे चढ़नेवाला मुनि ही समस्त मोहनीयके क्षय होते ही क्षीणमोहगुणस्थानवर्ती हो जाता है, इस गुणस्थानमें यथाख्यातचारित्र हो जाता है तथा इसके अन्त समयमें ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अंतराय कर्मका भी क्षय हो जाता है।

१३ सयोगकेवली—चारों घातिया कर्मके नष्ट होते ही यह आत्मा सकलपरमात्मा हो जाता है, उन केवली भगवानके जबतक योग रहता है तबतक उन्हें सयोगकेवली कहते हैं, इनके विहार भी होता है, दिव्यध्वनि भी खिरती है, तीर्थङ्कर सयोगकेवली के समवशरणकी रचना होती है, सामान्य सयोगकेवलीके गंध-कुटीकी रचना होती है, इन सबका नाम अर्हंतपरमेष्ठी भी है, अंतिम अंतर्मुहूर्त में इनके बादरयोग नष्ट होकर सूक्ष्मयोग रह जाता है और अंतमें यह सूक्ष्मयोग भी नष्ट हो जाता है।

१४ अयोगकेवली—योगके नष्ट होते ही ये परमात्मा अयोग-

केवली कहलाते हैं, शरीरके क्षेत्रमें रहते हुए भी इनके प्रदेशोंका शरीरसे कुछ सम्बंध नहीं रहता, इनका काल "अ इ उ ऋ लृ" इन पांच ह्रस्व अक्षरोंके बोलनेके बराबर काल रहता है, उपान्त्य और अंत्यसमयमें शेषकी बची हुई ७२, और १३ प्रकृतियोंका नाश कर देते हैं इसके बाद ही ये गुणस्थानातीत सिद्ध भगवान हो जाते हैं।

जीवसमास

जीवसमास— जिन सदृश धर्मों द्वारा अनेक जीवोंका संग्रह किया जा सके उन सदृशधर्मोंका नाम जीवसमास है, ये १४ हैं—

१. एकेन्द्रियबादर पर्याप्त, २. एकेन्द्रियबादर अपर्याप्त, ३. एकेन्द्रियसूक्ष्म पर्याप्त, ४. एकेन्द्रियसूक्ष्म अपर्याप्त, ५. द्वीन्द्रिय पर्याप्त, ६. द्वीन्द्रिय अपर्याप्त, ७. त्रीन्द्रिय पर्याप्त, ८. त्रीन्द्रिय अपर्याप्त, ९. चतुरिन्द्रिय पर्याप्त, १०. चतुरिन्द्रिय अपर्याप्त, ११. असैनीपंचेन्द्रिय पर्याप्त, १२. असैनीपंचेन्द्रिय अपर्याप्त, १३. सैनीपंचेन्द्रिय पर्याप्त, १४. सैनीपंचेन्द्रिय अपर्याप्त।

१ एकेन्द्रियबादर पर्याप्त—जिन जीवोंके एक स्पर्शन इन्द्रिय है तथा बादर शरीर (जो दूसरे बादरको रोक सके और जो दूसरे बादरसे रुक सके) है, और पर्याप्ति भी पूर्ण हो गई वे एकेन्द्रियबादर पर्याप्त हैं; ये पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, वनस्पति रूप पांच प्रकारके होते हैं।

२ एकेन्द्रियबादर अपर्याप्ति—एकेन्द्रियबादरोंमें उत्पन्न होने वाले जीव उस आयुके प्रारम्भसे लेकर जबतक उनकी शरीर-

पर्याप्ति पूर्ण नहीं होती तबतक वे वादर अपर्याप्त कहलाते हैं इनमेंसे जो जीव ऐसे हैं जो पर्याप्ति पूर्ण न कर सकेंगे और मरण हो जायगा उन्हें लब्ध्यपर्याप्त कहते हैं, और जो जीव ऐसे हैं जिनकी पर्याप्ति पूर्ण अभी तो नहीं हुई परन्तु पर्याप्ति पूर्ण नियमसे करेंगे उन्हें निवृत्त्यपर्याप्त कहते हैं।

३ एकेन्द्रियसूक्ष्म पर्याप्त–इनका शरीर न दूसरेको रोक सकता और न दूसरेसे रुक सकता, शेष वर्णन सुगम है।

४ एकेन्द्रिय सूक्ष्म अपर्याप्त–जो एकेन्द्रिय हैं और सूक्ष्मनाम कर्मके उदयवाले हैं तथा निवृत्त्यपर्याप्त या लब्ध्यपर्याप्त हैं उन्हें एकेन्द्रियसूक्ष्म अपर्याप्त कहते हैं।

५ द्वीन्द्रिय पर्याप्त– जिनके स्पर्शन और रसना ये दो इन्द्रिय हैं और पर्याप्त हैं वे द्वीन्द्रिय पर्याप्त हैं।

६ द्वीन्द्रिय अपर्याप्त–द्वीन्द्रिय जीव जो निवृत्त्यपर्याप्त या लब्ध्यपर्याप्त हैं वे द्वीन्द्रिय अपर्याप्त हैं।

७ त्रीन्द्रिय पर्याप्त–जिसके स्पर्शन, रसना, घ्राण ये तीन इन्द्रिय हैं और पर्याप्त हो चुके हैं वे त्रीन्द्रिय पर्याप्त हैं।

८ त्रीन्द्रिय अपर्याप्त–त्रीन्द्रिय जीव जो निवृत्त्यपर्याप्त या लब्ध्यपर्याप्त हैं वे त्रीन्द्रिय अपर्याप्त हैं।

९ चतुरिन्द्रिय पर्याप्त–जिनके स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु ये चार इन्द्रिय हैं और पर्याप्त हो चुके हैं वे चतुरिन्द्रिय पर्याप्त हैं।

१० चतुरिन्द्रिय अपर्याप्त–चतुरिन्द्रिय जो निवृत्त्यपर्याप्त या लब्ध्यपर्याप्त हैं वे चतुरिन्द्रिय अपर्याप्त हैं।

११ असंज्ञीपंचेन्द्रिय पर्याप्त—जिनके स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु, श्रोत्र, ये पांचों इन्द्रियां हैं किन्तु मन नहीं है वे पर्याप्ति पूर्ण हो जानेके बाद असंज्ञीपंचेन्द्रिय पर्याप्त कहलाते हैं। ये जीव केवल तिर्यञ्चगतिमें होते हैं। एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय जीव भी केवल तिर्यञ्चगतिमें होते हैं।

१२ असंज्ञीपंचेन्द्रिय अपर्याप्त—असंज्ञीपंचेन्द्रिय जीव जो निवृ-त्यपर्याप्त या लब्ध्यपर्याप्त हैं वे असंज्ञीपंचेन्द्रिय अपर्याप्त कहलाते हैं।

१३ सैनीपंचेन्द्रिय पर्याप्त—जो पंचेन्द्रिय हैं और मनसहित हैं तथा पर्याप्ति भी जिनकी पूर्ण हो चुकी है वे सैनीपंचेन्द्रिय पर्याप्त कहलाते हैं।

१४ सैनीपंचेन्द्रिय अपर्याप्त—संज्ञीपंचेन्द्रिय जीव जो निर्वृत्य-पर्याप्त या लब्ध्यपर्याप्त हैं वे सैनीपंचेन्द्रियअपर्याप्त कहलाते हैं।

पर्याप्ति

पर्याप्ति—आहारवर्गणा, भाषावर्गणा, मनोवर्गणाके परमाणु-ओंको शरीर, इन्द्रिय आदि रूप परिणमावनेकी शक्तिकी पूर्णताको पर्याप्ति कहते हैं। पर्याप्ति ६ हैं—१. आहारपर्याप्ति, २. शरीरपर्याप्ति, ३. इंद्रियपर्याप्ति, ४. श्वासोच्छ्वासपर्याप्ति, ५. भाषापर्याप्ति, ६. मनःपर्याप्ति।

१. आहारपर्याप्ति—आहारवर्गणाके परमाणुओंको खल और रस भागरूप परिणमानेको कारणभूत जीवकी शक्तिकी पूर्णताको आहारपर्याप्ति कहते हैं।

२. शरीरपर्याप्ति-जिन परमाणुओंको खलरूप परिणमाया था उनको हाड़ वगैरह कठिन अवयवरूप और जिनको रसरूप परिणमाया था उनको रुधिरादिक द्रवरूप परिणमावनेको कारणभूत जीवकी शक्तिकी पूर्णताको शरीरपर्याप्ति कहते हैं।

३. इंद्रियपर्याप्ति-आहारवर्गणाके परमाणुओंको इन्द्रियके आकार परिणमावनेको तथा इन्द्रियद्वारा विषय ग्रहण करनेको कारणभूत जीवकी शक्तिकी पूर्णताको इंद्रियपर्याप्ति कहते हैं।

४. श्वासोच्छ्वासपर्याप्ति- आहारवर्गणाके परमाणुओंको श्वासोच्छ्वासरूप परिणमावनेको कारणभूत जीवकी शक्तिकी पूर्णताको श्वासोच्छ्वासपर्याप्ति कहते हैं।

५. भाषापर्याप्ति-भाषावर्गणाके परमाणुओंको वचनरूप परिणमावनेको कारणभूत जीवकी शक्तिकी पूर्णताको भाषापर्याप्ति कहते हैं।

६. मनःपर्याप्ति-मनोवर्गणाके परमाणुओंको हृदयस्थानमें ८ पांखुरीके कमलाकार मनरूप परिणमावनेको तथा उसके द्वारा यथावत् विचार करनेको कारणभूत जीवकी शक्तिकी पूर्णताको मनःपर्याप्ति कहते हैं।

प्राण

प्राण-जिनके संयोगसे यह जीव जीवन अवस्थाको प्राप्त हो और वियोगसे मरण अवस्थाको प्राप्त हो उनको प्राण कहते हैं। प्राण १० हैं —

(१) स्पर्शनेन्द्रिय, (२) रसनेन्द्रिय, (३) घ्राणेन्द्रिय,

(४) चक्षुरिन्द्रिय, (५) श्रोत्रेन्द्रिय, (६) मनोवल, (७) वचनवल, (८) कायवल, (९) आयु, (१०) श्वासोच्छ्वास ।

संज्ञा

संज्ञा–वांछाके संस्कारको संज्ञा कहते हैं। ये संज्ञा ४ हैं।

(१) आहारसंज्ञा, (२) भयसंज्ञा, (३) मैथुनसंज्ञा, (४) परिग्रहसंज्ञा ।

१. आहारसंज्ञा–आहारसंबन्धी वाञ्छाके संस्कारको आहार-संज्ञा कहते हैं ।

२. भयसंज्ञा–भयसंबन्धी परिणामके संस्कारको भयसंज्ञा कहते हैं ।

३. मैथुनसंज्ञा–मैथुनसंबंधी वाञ्छाके संस्कारको मैथुनसंज्ञा कहते हैं ।

४. परिग्रहसंज्ञा–परिग्रहसंबंधी वाञ्छाके संस्कारको परिग्रहसंज्ञा कहते हैं ।

मार्गणा

मार्गणा—जिन धर्मविशेषोंसे जीवोंकी खोज होसके उन धर्मविशेषोंसे जीवोंको खोजना मार्गणा है। ये १४ हैं :—

१. गति, २. इन्द्रिय, ३. काय, ४. योग, ५. वेद, ६. कषाय ७. ज्ञान, ८. संयम, ९. दर्शन, १०. लेश्या, ११. भव्यत्व, १२. सम्यक्त्व, १३. संज्ञी, १४. आहारक ।

गतिमार्गणा

१. गतिमार्गणा—गतिनामा नामकर्मके उदयसे उस-उस गति-

विपयक भावके कारणभूत जीवकी अवस्थाविशेपको गति कहते हैं। इसकी मार्गणा ५ हैं।

१. नरकगति, २. तिर्यञ्चगति, ३. मनुष्यगति, ४.देवगति, ५. सिद्धगति (अगति)।

१. नरकगति—इस पृथ्वीके नीचे सात नरक हैं उनमें नारकी जीव रहते हैं उन्हें बहुत काल पर्यन्त घोर दुख सहना पड़ता है उसकी गतिको नरकगति कहते हैं।

२. तिर्यञ्चगति—नारकी, मनुष्य और देवके अतिरिक्त जितने संसारी जीव हैं वे सब तिर्यञ्च कहलाते हैं। एकेन्द्रिय (जिसमें निगोद भी शामिल हैं) द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, असैनी पंचेन्द्रिय ये तो नियमसे तिर्यञ्च होते हैं और सिंह, घोड़ा, हाथी, कबूतर, मत्स्य आदि सैनी जीव उक्त लक्षणवाले तिर्यञ्च होते हैं उनकी गतिको तिर्यञ्चगति कहते हैं।

३. मनुष्यगति—स्त्री, पुरुप, बालक, बालिकाएं मनुष्य कहे जाते हैं, इनकी गतिको मनुष्यगति कहते हैं।

४. देवगति—भवनवासी, व्यन्तर (जिनके निवासस्थान इस पृथ्वीके खरभाग व पंकभागमें हैं) ज्योतिपि (सूर्य चन्द्र तारादि) व वैमानिक (१६ स्वर्ग, नवग्रैवेयक, नवअनुदिश, पांच अनुत्तरमें रहनेवाले) इन चार प्रकारके देवोंकी गतिको देवगति कहते हैं।

५. सिद्धगति (अगति)—गतिसे रहित जीवोंकी गतिको सिद्ध गति कहते हैं। इनके गति नहीं है ये गतिरहित हैं।

इन्द्रिय मार्गणा

इन्द्रियावरणके क्षयोपशम होनेपर होनेवाले आत्माके चिह्न-विशेषको इन्द्रिय कहते हैं। इसकी मार्गणा ६ हैं—

१. एकेन्द्रिय, २. द्वीन्द्रिय, ३. त्रीन्द्रिय, ४. चतुरिन्द्रिय, ५. पंचेन्द्रिय, और ६. अतीन्द्रिय।

एकेन्द्रिय आदिका वर्णन होचुका है।

अतीन्द्रिय— जो इन्द्रियों (द्रव्येन्द्रिय व भावेन्द्रिय दोनों) से रहित हैं वे अतीन्द्रिय कहलाते हैं।

कायमार्गणा

आत्मप्रवृत्ति अर्थात् योगसे संचित पुद्गलपिण्डको काय कहते हैं। इनकी मार्गणा ७ हैं :—

१. पृथ्वीकायिक, २. अप्कायिक, ३. अग्निकायिक, ४. वायुकायिक, ५. वनस्पतिकायिक, ६. त्रसकायिक, ७. अकाय।

जिनके पृथ्वी आदि शरीर हो वे पृथ्वीकायिक आदि कहलाते हैं।

अकाय—जिनके कोई प्रकारका काय नहीं रहा ये अकायिक (अकाय) कहलाते हैं।

योगमार्गणा

मन, वचन, कायके निमित्तको आत्मप्रदेशके परिस्पंद (हलन चलन) का कारणभूत जो प्रयत्न होता है उसे योग कहते हैं। इसकी मार्गणा १६ हैं :—

१. सत्यमनोयोग, २. असत्यमनोयोग, ३. उभयमनोयोग,

४. अनुभयमनोयोग, ५. सत्यवचनयोग, ६. असत्यवचनयोग, ७. उभयवचनयोग, ८. अनुभयवचनयोग, ९. औदारिककाय-योग, १०. औदारिकमिश्रकाययोग, ११. वैक्रियककाययोग, १२. वैक्रियकमिश्रकाययोग, १३. आहारककाययोग, १४. आहारकमिश्रकाययोग, १५. कार्माणकाययोग, १६. अयोग।

१. सत्यमनोयोग—सत्य वचनके कारणभूत मनको सत्यमन कहते हैं उसके निमित्तसे होनेवाले योगको सत्यमनोयोग कहते हैं।

२. असत्यमनोयोग—असत्यवचनके कारणभूत मनको असत्य-मन कहते हैं और उसके निमित्तसे होनेवाले योगको असत्यमनो-योग कहते हैं।

३. उभयमनोयोग—उभय (सत्य असत्य दोनों) मनके निमित्त से होनेवाले योगको उभयमनोयोग कहते हैं।

४. अनुभयमनोयोग—अनुभय (न सत्य न असत्य) मनके निमित्तसे होनेवाले योगको अनुभयमनोयोग कहते हैं।

५. सत्यवचनयोग—सत्यवचनके निमित्तसे होनेवाले योगको सत्यवचनयोग कहते हैं।

६. असत्यवचनयोग—असत्यवचनके निमित्तसे होने वाले योगको असत्यवचनयोग कहते हैं।

७. उभयवचनयोग—उभय (सत्य असत्य दोनों) वचनके निमित्तसे होनेवाले योगको उभयवचनयोग कहते हैं।

८. अनुभयवचनयोग—अनुभय (न सत्य न असत्य) वचनके

निमित्तसे होनेवाले योगको अनुभयवचनयोग कहते हैं।

९. औदारिककाययोग—मनुष्य तिर्यञ्चोंके शरीरको औदारिक-शरीर कहते हैं उसके निमित्तसे जो योग होता है उसे औदारिककाययोग कहते हैं।

१०. औदारिकमिश्रकाययोग—कोई प्राणी मरकर मनुष्य या तिर्यञ्चगतिमें स्थानपर पहुँचते ही औदारिकवर्गणाओंको ग्रहण करने लगता है उस समयसे अन्तर्मुहूर्त तक (जबतक शरीर-पर्याप्ति पूर्ण नहीं होती) उसके कार्माणमिश्रित औदारिकवर्गणाओं केद्वारा उत्पन्न हुई शक्तिसे जीवके प्रदेशमें परिस्पंदके लिये जो प्रयत्न होता है उसे औदारिकमिश्रकाययोग कहते हैं।

११. वैक्रियककाययोग—देव व नारकियोंके शरीरको वैक्रियक-काय कहते हैं उसके निमित्तसे जो योग होता है उसे वैक्रियक-काययोग कहते हैं।

१२. वैक्रियकमिश्रकाययोग—कोई मनुष्य तिर्यञ्च मरकर देव या नरक गतिमें स्थानपर पहुंचतेही वैक्रियकवर्गणाओंको ग्रहण करने लगता है उस समयसे अन्तर्मुहूर्त तक (जबतक शरीर पर्याप्ति पूर्ण नहीं होती) उसके कार्माणमिश्रित वैक्रियक वर्गणाओंके द्वारा उत्पन्न हुई शक्तिसे जीवके प्रदेशोंमें परिस्पंदके लिये जो प्रयत्न होता है उसे वैक्रियकमिश्रकाययोग कहते हैं।

१३. आहारककाययोग—सूक्ष्मतत्त्वमें संदेह होनेपर या तीर्थ वन्दनादिके निमित्त आहारकऋद्धिवाले छठे गुणस्थानवर्ती मुनियोंके मस्तिकसे १ हाथका धवल शुभ व्याघात रहित,

आहारकशरीर निकलता है उसे आहारककाय कहते हैं; उसके निमित्तसे होनेवाले योगको आहारककाययोग कहते हैं।

१४. आहारकमिश्रकाययोग—आहारकशरीरकी जबतक पर्याप्ति (पूर्ति) नहीं होती तबतक औदारिक व आहारक वर्गणाओंके द्वारा उत्पन्न हुई शक्तिसे जीवके प्रदेशोंमें परिस्पंदकेलिए जो प्रयत्न होता है उसे आहारकमिश्रकाययोग कहते हैं।

१५. कर्माणकाययोग—मोड़वाली विग्रहगतिको प्राप्त चारों गतियोंके जीवोंके तथा प्रतर और लोकपूरण समुद्धातको प्राप्त केवली जिनके कार्माणकाय होता है उसके निमित्तसे होनेवाले योगको कार्माणकाययोग कहते हैं।

१६. अयोग—अयोगकेवली व सिद्ध भगवान्‌के योग नहीं होता है।

वेदमार्गणा

पुंवेद, स्त्रीवेद, नपुंसकवेदके उदयसे उत्पन्न हुई मैथुनकी अभिलाषाको वेद कहते हैं। इसकी मार्गणा ४ हैं:—

(१) पुंवेद, (२) स्त्रीवेद, (३) नपुंसकवेद, (४) अपगतवेद

१. पुंवेद (पुरुषवेद)—जिससे स्त्रीके साथ रमण करनेकी इच्छा हो।

२. स्त्रीवेद—जिससे पुरुषके साथ रमणका भाव हो।

३. नपुंसकवेद—जिससे दोनोंके साथ रमण करनेका भाव हो।

४ अपगतवेद—जहां वेदका अभाव हो।

कषायमार्गणा

जो आत्माके सम्यक्त्व, देशचारित्र, सकलचारित्र, और यथाख्यातचारित्ररूप गुणको घातै उसे कषाय कहते हैं इनकी मार्गणा २६ हैं—

१-४. अनंतानुबंधी क्रोध मान माया लोभ, ५-८. अप्रत्याख्यानावरण क्रोध मान माया लोभ, ९-१२. प्रत्याख्यानावरण क्रोध मान माया लोभ, १३-१६, संज्वलन क्रोध मान, माया, लोभ, १७. हास्य, १८. रति, १९. अरति, २०. शोक २१. भय, २२. जुगुप्सा, २३. पुरुषवेद, २४. स्त्रीवेद, २५. नपुंसकवेद, २६. अकषाय।

१-४. अनंतानुबंधी क्रोध मान माया लोभ उन्हें कहते हैं जो आत्माके सम्यक्त्व गुणको घातैं।

५-८. अप्रत्याख्यानावरण क्रोध मान माया लोभ उन्हें कहते हैं जो देशचारित्रको घातैं। (देशचारित्र श्रावक-पंचमगुणस्थानवर्तीके होता है)।

९-१२. प्रत्याख्यानावरण क्रोध मान माया लोभ उन्हें कहते हैं जो सकलचारित्रको घातैं। (सकलचारित्र मुनियोंके होता है)

१३-१६. संज्वलन क्रोध मान माया लोभ उन्हें कहते हैं जो यथाख्यातचारित्रको घातैं। (यथाख्यातचारित्र ११, १२, १३, १४ वें गुणस्थानमें होता है)

१७. हास्य—हंसनेके परिणामको कहते हैं।

१८. रति—इष्टपदार्थमें प्रीति करनेको कहते हैं।

१६. अरति—अनिष्ट पदार्थमें अप्रीति करनेको कहते हैं।

२०. शोक—रंजके परिणामको कहते हैं।

२१. भय—डरको कहते हैं।

२२. जुगुप्सा—ग्लानि करनेको कहते हैं।

२३-२४-२५. पुरुषवेद, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद—का वर्णन हो चुका।

२६. अकषाय—कषायके अभावको कहते हैं।

ज्ञानमार्गणा

वस्तुके जाननेको ज्ञान कहते हैं इसकी मार्गणा ८ हैं :—

१. मतिज्ञान, २. श्रुतज्ञान, ३. अवधिज्ञान, ४. मनःपर्यय-ज्ञान, ५. केवलज्ञान, ६. कुमति, ७. कुश्रुत, ८. कुअवधि (विभंगावधि)।

१. मतिज्ञान—इन्द्रिय और मनके निमित्तसे उत्पन्न होनेवाले ज्ञानको मतिज्ञान कहते हैं।

२. श्रुतज्ञान—मतिज्ञानसे जाने हुए पदार्थके सम्बन्धमें अन्य विशेष जाननेको श्रुतज्ञान कहते हैं।

३. अवधिज्ञान—इंद्रिय और मनकी सहायताके विना, आत्मीय शक्तिसे रूपी पदार्थोंको द्रव्य क्षेत्र काल भावकी मर्यादा लेकर जाननेको अवधिज्ञान कहते हैं।

४. मनःपर्ययज्ञान—दूसरेके मनमें तिष्टते हुए (स्थित) रूपी पदार्थोंको इन्द्रिय मनकी सहायताके विना आत्मीय शक्तिसे जानना मनःपर्ययज्ञान कहते हैं।

५. केवलज्ञान—तीन लोक तीन कालवर्ती समस्त द्रव्य पर्यायों को एकसाथ स्पष्ट जानना केवलज्ञान है।

६. कुमति—सम्यक्त्वके न होनेपर होनेवाले मतिज्ञानको कुमति कहते हैं।

७. कुश्रुत—सम्यक्त्वके न होनेपर होनेवाले श्रुतज्ञानको कुश्रुत कहते हैं।

८. कुअवधि—सम्यक्त्वके न होनेपर होनेवाले अवधिज्ञानको कुअवधि कहते हैं।

संयममार्गणा

संयम—अहिंसादि पञ्च व्रत धारण करना, ईर्यापथ आदि पांच समितियोंका पालन करना, क्रोधादि कषायोंका निग्रह करना, मनोयोग आदि तीनों योगोंको रोकना, पांचों इन्द्रियोंका विजय करना सो संयम है इसकी मार्गणा ८ हैं :—

१. सामायिक, २. छेदोपस्थापना, ३. परिहारविशुद्धि, ४. सूक्ष्मसाम्पराय, ५. यथाख्यातचारित्र, ६. असंयम, ७. संयमासंयम, ८. असंयम–संयमासंयम–संयम तीनोंसे रहित।

१. सामायिक—सब प्रकारकी अविरतिसे विरक्त होना व समताभाव धारण करना सामायिक संयम है।

२. छेदोपस्थापना—भेदरूपसे व्रतके धारण करनेको या व्रतोंमें छेद (भंग) होनेपर फिरसे व्रतोंके पालन करनेको छेदोपस्थापना-संयम कहते हैं।

३. परिहारविशुद्धि—जिसमें हिंसाका परिहार प्रधान हो ऐसे

शुद्धिप्राप्त संयमको परिहारविशुद्धि संयम कहते हैं।

४. सूक्ष्मसाम्पराय-सूक्ष्मकषाय (लोभ) वाले जीवोंके जो संयम होता है उसे सूक्ष्मसाम्पराय संयम कहते हैं।

५. यथाख्यातसंयम-कषायके अभावमें जो आत्माका अनुष्ठान होता है उसमें निवास करनेको यथाख्यातसंयम कहते हैं।

६. असंयम-जहां किसी प्रकारके संयम या संयमासंयमका लेश भी न हो उसे असंयम कहते हैं।

७. संयमासंयम-जिनके त्रसकी अविरतिका त्याग हो चुका हो जिनके अणुव्रतका धारण है उनके चारित्रको संयमासंयम कहते हैं।

८. असंयम-संयम-संयमासंयमरहित-सिद्ध भगवान् सदा अपने शुद्धस्वरूपमें स्थित हैं उनके ये तीनों नहीं पाये जाते।

दर्शनमार्गणा

आत्माभिमुख अवलोकनको दर्शन कहते हैं इसकी मार्गणा ४ हैं:—

१. चक्षुर्दर्शन, २. अचक्षुर्दर्शन, ३. अवधिदर्शन, ४. केवलदर्शन।

१. चक्षुर्दर्शन- चक्षुरिन्द्रियजन्य ज्ञानसे पहले होनेवाले दर्शन को चक्षुर्दर्शन कहते हैं।

२. अचक्षुर्दर्शन-चक्षुरिन्द्रियके अलावा अन्य इन्द्रिय व मन से उत्पन्न होनेवाले दर्शनको अचक्षुर्दर्शन कहते हैं।

३. अवधिदर्शन-अवधिज्ञानसे पहले होनेवाले दर्शनको

अवधिदर्शन कहते हैं।

४. केवलदर्शन-केवलज्ञानके साथ-साथ होनेवाले दर्शनको केवलदर्शन कहते हैं।

लेश्यामार्गणा

कषायसे अनुरंजित योगप्रवृत्तिको लेश्या कहते हैं इसकी मार्गणा ७ हैं—

१. कृष्णलेश्या, २. नीललेश्या, ३. कापोतलेश्या, ४. पीतलेश्या, ५. पद्मलेश्या, ६. शुक्ललेश्या, ७. अलेश्य।

१. कृष्णलेश्या-तीव्र क्रोध करनेवाला हो, वैरको न छोड़े, लड़नेका जिसका स्वभाव हो, धर्म और दयासे रहित हो, दुष्ट हो, जो किसीके वश न हो।

२. नीललेश्या-काम करनेमें मंद हो, स्वच्छंद हो, कार्य करनेमें विवेक रहितहो, विषयोंमें लम्पट हो, मानी, मायाचारी, आलसी हो, दूसरे लोग उसके अभिप्रायको सहसा नहीं जान सकें, अति-निद्रालु दूसरोंके ठगनेमें चतुर, परिग्रहमें तीव्र लालसा हो।

३. कापोतलेश्या-रूसे, निन्दा करे, द्वेष करे, शोकाकुल हो, भयभीत हो, ईर्ष्या करे, दूसरोंका तिरस्कार करे, अपनी विविध प्रशंसा करे, दूसरेका विश्वास न करे, स्तुति करनेवालेपर संतुष्ट होवे, रणमें मरण चाहे, स्तुति करनेवालेको खूब धन देवे, अपना कार्य अकार्य न देखे।

४. पीतलेश्या-कार्य, अकार्य, सेव्य, असेव्यको समझनेवाला हो। सर्वसमदर्शी, दयापरायण, दानरत, कोमलपरिणामी हो।

५ पद्मलेश्या-त्यागी, भद्र, उत्तम कार्य करनेवाला, सहन-शील, साधुगुरूपूजारत हो।

६ शुक्ललेश्या-पक्षपात न करे, निदान न बांधे, सबमें समानताकी दृष्टि रखे, इष्ट राग अनिष्ट द्वेष न करे।

भव्यत्वमार्गणा

जिन जीवोंके अनन्त चतुष्टयरूप सिद्धि व्यक्त होनेकी योग्यता होवे वे भव्य हैं उनके भावको भव्यत्व कहते हैं इसकी मार्गणा ३ हैं :—

१. भव्यत्व, २. अभव्यत्व, ३. अनुभय (न भव्यत्व न अभव्यत्व)।

उक्तयोग्यताके अभावको अभव्यत्व कहते हैं।

सिद्ध जीव न भव्य है और न अभव्य है।

सम्यक्त्वमार्गणा

मोक्षमार्गके प्रयोजनभूत तत्त्वोंके यथार्थश्रद्धानको सम्यक्त्व कहते हैं इसकी मार्गणा ६ हैं— १. क्षायिकसम्यक्त्व, २. उपशम सम्यक्त्व, ३. वेदक (क्षयोपशमिक) सम्यक्त्व, ४. मिथ्यात्व, ५. सासादनसम्यक्त्व, ६. सम्यग्मिथ्यात्व।

१. क्षायिकसम्यक्त्व-अनंतानुबंधी क्रोध, मान, माया, लोभ मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व, और सम्यक्प्रकृति इन सात प्रकृतियोंके क्षयसे जो सम्यक्त्व होता है उसे क्षायिकसम्यक्त्व कहते हैं।

२. उपशमसम्यक्त्व—उक्त ७ प्रकृतियोंके उपशमसे जो सम्य-क्त्व होता है उसे उपशमसम्यक्त्व कहते हैं इसके दो भेद हैं :—

१. प्रथमोपशमसम्यक्त्व, २. द्वितीयोपशमसम्यक्त्व।

मिथ्यात्वके अनन्तर जो उपशमसम्यक्त्व होता है उसे प्रथमोपशमसम्यक्त्व कहते हैं। अनादिमिथ्यादृष्टि व मिश्रप्रकृति, सम्यक्प्रकृतिको उद्वेलना कर चुकनेवाले जीवोंके अनंतानुबन्धी ४ व मिथ्यात्व इन पांचके उपशमसे प्रथमोपशमसम्यक्त्व होता है और ७ की सत्तावालोंके ७ प्रकृतियोंके उपशमसे प्रथमोपशम-सम्यक्त्व होता है।

क्षयोपशमसम्यक्त्वके अनन्तर जो उपशमसम्यक्त्व होता है उसे द्वितीयोपशमसम्यक्त्व कहते हैं, यह ७ प्रकृतियोंके उपशमसे होता है। सप्तमगुणस्थानवर्ती जीव यदि उपशमश्रेणि चढ़े तब क्षायिकसम्यक्त्व या उपशमसम्यक्त्व होना आवश्यक है, वहां यदि उपशमसम्यक्त्व करे तब द्वितीयोपशमसम्यक्त्व कहलाता है, द्वितीयोपशमसम्यक्त्वमें मरण हो सकता है, यदि मरे तब देवगतिमें ही जावेगा, प्रथमोपशमसम्यक्त्वमें मरण नहीं होता।

३. वेदकसम्यक्त्व (क्षयोपशमिक)—अनंतानुबंधी ४ व मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व इन ६ प्रकृतियोंका उदयाभावी क्षय व उपशमसे तथा सम्यक्प्रकृतिके उदयसे जो सम्यक्त्व होता है उसे वेदक-सम्यक्त्व कहते हैं। इस सम्यक्त्वमें सम्यक्प्रकृतिके उदयके कारण सम्यग्दर्शनमें चल मलिन व अगाढ़ (जोकि सूक्ष्म दोष हैं) दोष लगते रहते हैं।

४. मिथ्यात्व—मिथ्यात्वप्रकृतिके उदयसे तत्त्वोंके अश्रद्धान-रूप विपरीत अभिप्रायको मिथ्यात्व कहते हैं।

५. सासादनसम्यक्त्व—सम्यक्त्वकी विराधना होनेपर अनंतानुबंधी कषायके उदयसे, यदि मिथ्यात्वका उदय न आये तो मिथ्यात्वका उदय न आनेतक, सासादनसम्यक्त्व कहलाता है।

६. सम्यग्मिथ्यात्व—सम्यग्मिथ्यात्वप्रकृतिके उदयसे जो मिश्रपरिणाम होता है जिसे न तो सम्यक्त्वरूप ही कह सकते और न मिथ्यात्वरूप ही कह सकते हैं किन्तु कुछ समीचीन और कुछ असमीचीन है उसे सम्यग्मिथ्यात्व कहते हैं।

संज्ञीमार्गणा

जो संज्ञ अर्थात् मनसहित हैं उन्हें संज्ञी कहते हैं इसकी मार्गणा ३ हैं :—

१. संज्ञी, २. असंज्ञी, ३. अनुभय, (न संज्ञी न असंज्ञी)।

१. संज्ञी-सैनी पंचेन्द्रिय ही होते हैं ये चारों गतियोंमें पाये जाते हैं।

२. असंज्ञी-एकेन्द्रियसे लेकर असैनी पंचेन्द्रियतक होते हैं ये सब तिर्यञ्च हैं।

३. अनुभय-सयोगकेवली व अयोगकेवली व सिद्धभगवान् हैं ये न संज्ञी हैं क्योंकि मन नहीं, न असंज्ञी हैं क्योंकि अविवेकी नहीं। सयोगीके यदि द्रव्यमन है पर भावमन नहीं।

आहारकमार्गणा

शरीर, मन, वचनके योग्यवर्गणाओंको ग्रहण करना आहार कहलाता है।

जब कोई जीव मरकर दूसरी गतिमें जाता है तब

जन्मस्थानपर पहुँचते ही आहारक हो जाता है इससे पहले अना-हारक हो जाता है किन्तु ऋजुगतिसे जानेवाला अनाहारक नहीं होता है क्योंकि वह एक समयमें ही जन्मस्थानपर पहुँच जाता, तेरहवें गुणस्थानवर्ती जीव केवली जब केवलसमुद्घात करते हैं तब, २ प्रतरके समय, १ लोकपूरणका समय इन तीन समयों में अनाहारक होते हैं शेष समय आहारक होते हैं। अयोग केवली और सिद्धभगवान् अनाहारक ही होते हैं।

उपयोग

बाह्य तथा आभ्यन्तर कारणोंके द्वारा होनेवाली आत्माके चेतनागुणकी परिणतिको उपयोग कहते हैं, उपयोग २ हैं :—

१. साकारोपयोग, २. निराकारोपयोग।

१. साकारोपयोग—ज्ञानोपयोगको कहते हैं।

२. निराकारोपयोग—दर्शनोपयोगको कहते हैं।

ध्यान

एक विषयमें चिन्तवनके रुकनेको ध्यान कहते हैं। ध्यान १६ प्रकारका है—आर्तध्यान ४, रौद्रध्यान ४, धर्म्यध्यान ४, शुक्लध्यान ४।

आर्तध्यान—१. इष्टवियोगज, २. अनिष्टसंयोगज, ३. वेदनाप्रभव, ४. निदान।

रौद्रध्यान—१. हिंसानंद, २. मृषानन्द, ३. चौर्यानन्द, ४. परिग्रहानंद।

धर्म्यध्यान—१. आज्ञाविचय, २. अपायविचय, ३. विपाकविचय, ४. संस्थानविचय।

शुक्लध्यान—१. पृथक्त्ववितर्कवीचार, २. एकत्ववितर्कावीचार, ३. सूक्ष्मक्रियाप्रतिपाती, ४. व्युपरतक्रियानिवृत्ति।

१. इष्टवियोगज आर्तध्यान—इष्ट पदार्थके वियोग होनेपर उसके संयोगके लिए चिंतवन करना इष्टवियोगज आर्तध्यान है।

२. अनिष्टसंयोगज—अनिष्ट पदार्थके संयोग होनेपर उसके वियोगके लिए चिंतवन करना अनिष्टसंयोगज आर्तध्यान है।

३. वेदनाप्रभव—शारीरिक पीड़ा होनेपर उसके सम्बन्धमें चिन्तवन करना वेदनाप्रभव आर्तध्यान है।

४. निदान—भोगविषयोंकी चाह सम्बन्धी चिन्तवनको निदान-नामक आर्तध्यान कहते हैं। आर्तध्यानमें दुःखरूप परिणाम रहता है, आर्ति=दुःख, उसमें होनेवालेको आर्त कहते हैं।

५. हिंसानन्द—कृत, कारित, आदि हिंसामें आनन्द मानना व हिंसाके लिये चिंतवन करना हिंसानंद रौद्रध्यान है।

६. मृषानन्द—झूठमें आनन्द मानना व झूठकेलिये चिंतवन करना सो मृषानंद रौद्रध्यान है।

७. चौर्यानंद—चोरीमें आनन्द मानना व चोरीके लिए चिंतवन करना चौर्यानंद रौद्रध्यान है।

८. परिग्रहानंद—परिग्रहमें आनन्द मानना व परिग्रह याने विषयकी रक्षाके लिए चिन्तवन करना परिग्रहानंद रौद्रध्यान है।

९. आज्ञाविचय—आगमकी आज्ञाकी श्रद्धासे तत्त्वचिन्तवन

करना आज्ञाविचय धर्म्यध्यान है।

१०. अपायविचय—अपने या परके रागादिक भाव जो दुःखके मूल हैं उनके विनाश होनेके विषयमें चिंतवन करना अपायविचय धर्म्यध्यान है।

११. विपाकविचय—कर्मोंके फलके सम्बन्धमें संवेगवर्द्धक चिंतवन करना विपाकविचय धर्म्यध्यान है।

१२. संस्थानविचय—लोकके आकार काल आदिके आश्रय जीवके परिभ्रमणादि विषयक असारताका चिंतवन करना व अरहंत, सिद्ध, मंत्रपद आदिके आश्रयसे तत्त्वचिंतवन करना संस्थानविचय धर्म्यध्यान है।

१३. पृथक्त्ववितर्कवीचार—अर्थ, योग, व शब्दोंके परिवर्तन सहित श्रुतके चिन्तवनको पृथक्त्ववितर्कवीचार शुक्लध्यान कहते हैं।

१४. एकत्ववितर्क-अवीचार—एकही अर्थमें एकही योगसे उन्हीं शब्दोंमें श्रुतके चिन्तवनको एकत्ववितर्क-अवीचार शुक्लध्यान कहते हैं।

१५. सूक्ष्मक्रियाप्रतिपाती—सयोगकेवलीके अन्तिम अंतर्मुहूर्त में जबकि बादरयोग भी नष्ट हो जाता है तब सूक्ष्मकाययोगमें जो उपयोगकी स्थिरता है उसे सूक्ष्मक्रियाप्रतिपाती शुक्लध्यान कहते हैं।

१६. व्युपरतक्रियानिवृत्ति—समस्त योग नष्ट हो चुकनेपर अयोगकेवलीके यह व्युपरतक्रियानिवृत्ति शुक्लध्यान होता है।

आश्रव

कर्मोंके आनेके कारणभूत भावको आश्रव कहते हैं। इसके ५७ भेद हैं—

मिथ्यात्व ५. अविरति १२. कषाय २५. योग १५।

मिथ्यात्व ५.

१. एकांतमिथ्यात्व-अनंतधर्मात्मकवस्तु होनेपर भी उसमें एक धर्मकाही श्रद्धाना करना एकांतमिथ्यात्व है।

२. विपरीतमिथ्यात्व-वस्तुके स्वरूपसे विपरीत स्वरूपकी श्रद्धा करना विपरीतमिथ्यात्व है।

३. संशयमिथ्यात्व-वस्तुके स्वरूपमें संशय करना संशय-मिथ्यात्व है।

४. वैनयिक (विनय) मिथ्यात्व-देव कुदेवमें, तत्त्व अतत्त्वमें शास्त्र कुशास्त्रमें, गुरू कुगुरुमें, सभीको भला मानकर विनय करना विनयमिथ्यात्व है।

५. अज्ञानमिथ्यात्व-हित, अहितका विवेक न रखना, अज्ञान-मिथ्यात्व है।

अविरति १२—

१–६–पृथ्वीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक, वायुका-यिक, वनस्पतिकायिक, त्रसकायिक, इन छह प्रकारके जीवोंकी रक्षा न करना पृथ्वीकाय-अविरति आदि ६ अविरति हैं।

७–१२. पांच इन्द्रिय व छटा मन इन ६ के विषयोंका त्याग न करना सो स्पर्शन-अविरति आदि ६ अविरति हैं।

कषाय २५—इनका वर्णन हो चुका है।

योग ५५–इनका भी वर्णन होचुका है।

भाव

भाव-अपने प्रतिपक्षी कर्मोंके उपशम आदि होनेपर जो गुण (स्वभाव या विभावरूप) प्रकट हों उन्हें भाव कहते हैं, ये जीवमें ही होते हैं अन्यद्रव्यमें नहीं होते इसलिए ये जीवके निजतत्त्व कहलाते हैं।

ये भाव ५३ होते हैं—

औपशमिक २, क्षायिक ९, क्षायोपशमिक १८, औदयिक २१, और पारिणामिक ३.

औपशमिकभाव

औपशमिकभावके २ भेद हैं:— १. औपशमिकसम्यक्त्व, २. औपशमिकचारित्र।

१. औपशमिकसम्यक्त्व–इसका वर्णन हो चुका है।

२. औपशमिकचारित्र–चारित्रमोहनीयकी २१ प्रकृतियोंके उपशमसे जो चारित्र हो उसे औपशमिकचारित्र कहते हैं।

क्षायिकभाव

क्षायिकभावके ९ भेद हैं:— १. क्षायिकज्ञान (केवलज्ञान), २. क्षायिकदर्शन, ३. क्षायिकदान, ४. क्षायिकलाभ, ५. क्षायिकभोग, ६. क्षायिकउपभोग, ७. क्षायिकवीर्य, ८. क्षायिकसम्यक्त्व, ९. क्षायिकचारित्र।

१. क्षायिकज्ञान–जो ज्ञानावरणकर्मके क्षयसे ज्ञान प्रकट हो उसे क्षायिकज्ञान (केवलज्ञान) कहते हैं।

२. क्षायिकदर्शन-जो दर्शनावरणकर्मके क्षयसे प्रकट हो उसे क्षायिकदर्शन (केवलदर्शन) कहते हैं।

३. क्षायिकदान-जो दानान्तरायके क्षयसे प्रकट हो उसे क्षायिकदान कहते हैं।

४. क्षायिकलाभ-जो लाभान्तरायके क्षयसे प्रकट हो उसे क्षायिकलाभ कहते हैं।

५. क्षायिकभोग-जो भोगान्तरायके क्षयसे प्रकट हो उसे क्षायिकभोग कहते हैं।

६. क्षायिकउपभोग-जो उपभोगान्तरायके क्षयसे प्रकट हो उसे क्षायिक उपभोग कहते हैं।

७. क्षायिकवीर्य-जो वीर्यान्तरायके क्षयसे प्रकट हो उसे क्षायिकवीर्य कहते हैं।

८. क्षायिकसम्यक्त्व-इसका वर्णन हो चुका है।

९. क्षायिकचारित्र-चारित्रमोहनीयकी २१ प्रकृतियोंके क्षयसे जो चारित्र हो उसे क्षायिकचारित्र कहते हैं।

क्षायोपशमिकभाव

क्षायोपशमिकभावके भेद— ज्ञान ४ (मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मनः पर्ययज्ञान); अज्ञान ३ (कुमति, कुश्रुत, कुअवधि); दर्शन ३ (चक्षुर्दर्शन, अचक्षुर्दर्श, अवधिदर्शन); लब्धि ५ (क्षायोपशमिक दान, लाभ, भोग, उपभोग, वीर्य) क्षायोपशमिकसम्यक्त्व, क्षायोपशमिकचारित्र, संयमासंयम।

(१-४) ज्ञान ४-इनका वर्णन हो चुका।

(५-७) अज्ञान ३-इनका वर्णन हो चुका।

(८-१०) दर्शन ३-इनका भी वर्णन हो चुका।

(११-१५) लब्धि ५-दानांतराय आदिके क्षयोपशमसे क्षायोपशमिकदान आदि होते हैं।

१६. क्षायोपशमिकसम्यक्त्व-इसका वर्णन हो चुका।

१७. क्षायोपशमिकचारित्र-अप्रत्याख्यानावरण ४ व प्रत्याख्यानावरण ४ इन आठ प्रकृतियोंके क्षयोपशमसे जो महाव्रतादिरूप चारित्र होता है उसे क्षायोपशमिकचारित्र कहते हैं।

१८. संयमासंयम—इसका वर्णन हो चुका।

औदयिक भाव

(१-४) गति ४—नरक, तिर्यञ्च, मनुष्य, देव। इनका वर्णन गतिमार्गणामें है।

(५-८) कषाय ४— क्रोध, मान, माया, लोभ। (इनका वर्णन हो चुका है)।

(९-११) लिङ्ग ३—पुंवेद, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद (इनका वर्णन हो चुका)।

१२. मिथ्यादर्शन-इसका स्वरूप सम्यक्त्वमार्गणामें बताया है।

१३. अज्ञान—ज्ञानावरण कर्मके उदयसे जो ज्ञानका अभावरूप भाव है उसे अज्ञानभाव कहते हैं, यह अज्ञान औदयिक है।

१४. असंयम —(इसका वर्णन संयममार्गणामें हो चुका)।

१५. असिद्ध—जबतक आठों कर्मोंका अभाव नहीं होता तबतक असिद्ध भाव है।

(१६-२१) लेश्या ६— कृष्ण, नील, कपोत, पीत, पद्म, शुक्ल इनका वर्णन लेश्यामार्गणामें हो चुका।

पारिणामिकभाव

पारिणामिकभाव— जो कर्मोंके उदय, उपशम, क्षय, क्षयोपशम की अपेक्षाके विना होवे वह पारिणामिक भाव है। पारिणामिक-भावके ३ भेद हैं:—

१. जीवत्व, २. भव्यत्व, ३. अभव्यत्व।

१. जीवत्वभाव—जिससे जीवे वह जीवत्व है वह २ प्रकारका है पहिला ज्ञानदर्शनरूप और दूसरा दशप्राणरूप, इनमें ज्ञानदर्शनरूप जीवत्व, शुद्धपरिणामिक भावहै। प्राणरूप जीवत्व अशुद्धपारिणामिक भाव हैं।

२-३. भव्यत्व, अभव्यत्व—इनका वर्णन भव्यत्वमार्गणामें किया है।

अवगाहना

जिन जीवोंके देहहै उनके देहप्रमाण तथा देहरहित (सिद्ध) जीवोंके जितने शरीरसे मोक्ष गये हैं उतने प्रमाण अवगाहनाका वर्णन करना इस स्थानका प्रयोजन है।

बंधप्रकृतियां १२०

आठ कर्मोंकी सब प्रकृतियां १४८ हैं वे इसप्रकार हैं—

ज्ञानावरणकी ५—१. मतिज्ञानावरण, २. श्रुतज्ञानावरण, ३. अवधिज्ञानावरण ४. मनःपर्ययज्ञानावरण ५. केवलज्ञानावरण।

दर्शनावरणकी ९ हैं—१. चक्षुर्दर्शनावरण, २. अचक्षुर्दर्शना-

वरण ३. अवधिदर्शनावरण, ४. केवलदर्शनावरण, ५. निद्रा ६. निद्रानिद्रा ७. प्रचला ८. प्रचलाप्रचला ९. स्त्यानगृद्धि ।

वेदनीयकर्मकी--२ प्रकृतियां हैं—

१. सातावेदनीय, २. असातावेदनीय ।

मोहनीयकर्मकी २८ प्रकृतियां हैं (दर्शनमोहनीयकी ३, चारित्रमोहनीयकी २५) ।

दर्शनमोहनीयकी ३ प्रकृतियां-मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व सम्यक्प्रकृति ।

इनमेंसे सिर्फ मिथ्यात्वका बंध होता है और जब प्रथमोपशम सम्यक्त्व हो तब मिथ्यात्वके ३ भाग होजाते हैं-मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व, सम्यक्प्रकृति । इसप्रकार इन २ की सत्ता होजाती है और उदयमें भी आसकते हैं किन्तु इन २ का (सम्यग्मिथ्यात्व, सम्यक्प्रकृति) बंध नहीं होता ।

चारित्रमोहनीयकी २५ प्रकृतियां—

१--४. अनन्तानुबंधी क्रोध, मान, माया, लोभ ।

५-८. अप्रत्याख्यानावरण क्रोध, मान, माया, लोभ ।

९-१२. प्रत्याख्यानावरण क्रोध, मान, माया, लोभ ।

१३-१६. संज्वलन क्रोध, मान, माया, लोभ ।

१७. हास्य, १८. रति, १९. अरति, २०. शोक, २१. भय २२. जुगुप्सा २३. स्त्रीवेद २४. पुरुषवेद २५. नपुंसकवेद । [१७ से २५ तक इन ९ प्रकृतियोंको नोकषाय=ईषत (थोड़ी) कषाय भी कहते हैं ।]

आयुकर्मकी ४ प्रकृतियां हैं—१. नरकायु, २. तिर्यञ्चायु, ३. मनुष्यायु, ४. देवायु।

